लोक सभा अध्यक्ष ने देशबंधु चित्तरंजन दास को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 5 नवम्बर, 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज देशबंधु चित्तरंजन दास की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और सचिव, लोक सभा सचिवालय श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 12 सितम्बर, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में देशबंधु चित्तरंजन दास के चित्र का अनावरण किया था।